हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

12 मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एंबुलेंस ...



14 जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने किया ...





## खबर संक्षेप



### स्कूल की बाउंड्रीवाल को दिया ट्रेन का लुक

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में जन सहयोग से विद्यालय में विकास की धारा बह रही है। इसी क्रम में ग्राम सिर्री के बालमुकुंद बघेल द्वारा स्वप्रेरणा से स्कूल के परकोटे में शिक्षा एक्सप्रेस का निर्माण करवाया गया है, ताकि बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर सकें। चित्रकला के रुप में शिक्षा एक्सप्रेस देख ग्राम सरपंच निर्मला पाटिल, शाला विकास समिति अध्यक्ष चेतन लाल जांगड़े, प्रधान पाठक आदित्य नाथ गजपाल, शिक्षक रामदीन देशलहरा, सुकुरमुनी प्रधान, दुकेश मारकंडे, कनक सिंह, तालसिंह डाहरे, मनीष सिंह, गोकुल यादव व ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सांसद भोजराज आज गुंडरदेही प्रवास पर

**गुण्डरदेही।** कांकेर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग



लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 21 जून शुक्रवार को सुबह 11 बजे पहली बार गुण्डरदेही पहुंचेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार सांसद भोजराज नाग सुबह 11 बजे रेस्ट हाउस गुण्डरदेही पहुंचेंगे। उसके बाद रेस्ट हाऊस से सदर रोड, धमतरी चौक होते हुए सामुदायिक भवन पहुंचेंगे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट मुलाकात कर आभार व्यक्त करेंगे। मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने मंडल के समस्त वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि व समस्त कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है।

### योग दिवस आज, बालोद के इंडोर स्टेडियम में होगा जिलास्तरीय योगाभ्यास

**बालोद।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को सुबह 07 बजे जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम में जिला स्तरीय दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग होंगे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों के अलावा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजन राम भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित आला अधिकारियों, कर्मचारियों तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा समाज के सभी वर्ग के लोगों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होकर तन–मन को स्वस्थ्य रखने के लिए योगाभ्यास करने की अपील की है।

### मालवाहक चालकों पर की गई कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने माल वाहक में सवारी बैठाने वाले वाहनों पर कार्रवाई किया है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि वाहनों पर 7 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। इसके अलावा चालक का लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा गया। थाना कुम्हारी द्वारा टोल प्लाजा में संयुक्त रूप से माल वाहक वाहन में सवारी ले जाते हुए।

## मांग : बालिकाओं के पालकों व आदिवासी युवा प्रभाग ने कलेक्टर से की मुलाकात, बताई समस्या

# आदिवासी कन्या छात्रावास में सीट सीमित, जगह नहीं मिलने से प्रभावित हो रही लड़कियों की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा/बालोद

आदिवासी कन्या छात्रावास डोंडी में सीटों की संख्या नहीं बढ़ने से हो रही परेशानियों को लेकर आदिवासी बालिकाओं के पालक और आदिवासी युवा प्रभाग ने बालोद कलेक्टर से मिलकर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

कलेक्टर से मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि बालोद जिला का एकमात्र आदिवासी विकासखंड डोंडी एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और आदिवासी क्षेत्र के लिए सरकार कई तरह से बजट और योजनाएं बनती हैं फिर भी अभी तक आदिवासियों को उनका समुचित लाभ नहीं मिल पाया है। इससे ग्रामीण अंचल के आदिवासी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं। आदिवासी इलाकों में शिक्षा का स्तर बहुत कम है। कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां पर पांचवी या आठवीं तक की ही कक्षा चलती है। आठवीं के बाद आगे की कक्षा में जाने के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई ऐसे परिवार होते हैं जो आर्थिक रूप से मजबूर होने के कारण अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पाते हैं। एक उम्मीद होती है कि हमारे बच्चे छात्रावास में सुरक्षित रहकर पढ़ाई करें। सरकार बालिकाओं के संरक्षण के लिए कई तरह की योजनाएं बनाती है, पर रहने के लिए हॉस्टल में जगह नहीं है। ऐसे में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के बच्चे कहां रहकर पढ़ाई करें? कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जितेंद्र साहू, संतोष कुमार, रोहिणी पिस्दा, महेंद्र कुमार चिन्नू राम, दीपक सहारे (युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष), मयंक प्रभाकर (जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग) डोमेन्द्र तराम, शेखर नेताम, नवीन सलाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**आदिवासी कन्या छात्रावास डोंडी में सीटें बढ़ाने की मांग की**



### कलेक्टर ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

पालकों और युवा प्रभाग की बातों को सुनकर कलेक्टर ने समस्या का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण अंचल में हॉस्टल की भवन की समस्या का एक प्रारूप बनाकर देने को कहा है। उसके अनुसार समस्या का हम जल्द से निराकरण करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जो पुराने विद्यार्थी हैं, जो छात्रावास में पढ़ रहे हैं, उन्हें भी वहां पर जगह दी जाएगी।

### छात्रावास में नहीं मिल रही जगह

आदिवासी बच्चों के पालकों का कहना है कि हमारे बच्चों ने पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक आश्रम में रहकर पढ़ाई की। अब आगे पढ़ाई के लिए भी हम छात्रावास में ही रखना चाहते हैं, पर छात्रावास में सीट कम पड़ रही है। इसलिए छात्रावास में उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है, हम अपने बच्चों को कहां भेजें। सीटों में वृद्धि नहीं होने के कारण हमारे बच्चों को भी परेशानी हो रही है उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीण अंचलों के ग्राम मगर दाहा, रजही, कोपेडेरा, भावसा, पूतरवही, जबकसा सहित डोंडी ब्लॉक के ग्रामीणों का कहना है कि छात्रावासों में पुराने बच्चों को हटाकर नए बच्चों को भी प्रवेश दिलाया जा रहा है, तो पुराने बच्चे कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की वृद्धि हो रही है, पर आज भी हॉस्टल की सीटों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई और हॉस्टल भी जर्जर होते जा रहा है।

**आदिवासी कन्या छात्रावास डोंडी में 5 वर्षों में छात्रावास की दर्ज संख्या व स्वीकृत सीट**

**प्री मैट्रिक छात्रावास**

| सत्र | दर्ज | सीट |
|---|---|---|
| 2017- 18, | 80 | 50 |
| 2018- 19, | 80 | 50 |
| 2019- 20, | 80 | 50 |
| 2021- 22, | 49 | 50 |
| 2022- 23, | 72 | 50 |
| 2023- 24, | 93 | 50 |

**पोस्ट मैट्रिक छात्रावास**

| सत्र | दर्ज | सीट |
|---|---|---|
| 2018- 19, | 74 | 50 |
| 2019- 20, | 97 | 50 |
| 2020- 21, | कोरोना | 50 |
| 2021- 22, | 58 | 50 |
| 2022- 23, | 79 | 50 |
| 2023- 24, | 105 | 50 |

### छात्रावास में जगह नहीं मिलने पर छूट जाती है कई बच्चों की पढ़ाई

आदिवासी युवा प्रभाग के प्रवक्ता नीलिमा श्याम ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र की बेटियां शिक्षा में आगे है पर आदिवासी छात्रावास में जगह नहीं मिलने के कारण बेटियां शिक्षा से वंचित हो रही हैं। बेटियों को तो अभी-अभी पढ़ाया जा रहा है पर कई ऐसी बेटियां हैं जो पढ़ना तो चाहती हैं, पर घर की स्थिति कमजोर होने के कारण नहीं पढ़ाई कर पातीं। लेकिन, उनके पास एक उम्मीद होती है कि वे छात्रावास में रहकर पढ़ाई करें और अपने उज्जवल भविष्य को संवारें। किंतु छात्रावास की स्थिति ऐसी हो गई है कि बालिकाओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन छात्रावास की सीट आज भी 50 ही है। कई पुराने भी छात्रावास में हैं और नए बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आना चाहते हैं, पर छात्रावास में सीट नहीं होने के कारण निराश होकर घर जाना पड़ता है। ऐसे में कई बालिकाएं पढ़ाई करना छोड़ देती हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार को सीटों में वृद्धि करनी चाहिए। हमारी मांग है कि आदिवासी कन्या छात्रावास की सीट में वृद्धि की जाए और उनके लिए एक सुविधाजनक भवन बनाया जाए।



# किसानों से छल कर रहा मौसम, बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ रोज शाम मंडराते हैं काले बादल, बिन बरसे लौट जाते हैं

जिले में उमस भरी गर्मी व बारिश नहीं होने के कारण किसान के साथ ही आम जनता परेशान नजर आ रहे हैं। किसान प्रतिदिन आसमान को निहारते नजर आ रहे हैं और मौसम रोजाना किसानों को छलते नजर आ रहा है।

मौसम रोजाना शाम होते ही करवट बदलता है और आसमान में काले बादल मंडराने लगते हैं तथा तेज आंधी तूफान के साथ बिजली भी कड़कती है, लेकिन बारिश कुछ ही क्षेत्रों में ही होती है, जबकि सभी क्षेत्र के किसान पर्याप्त बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। इसके कारण किसान चिंतित हैं, क्योंकि कुछ किसान खेतों में सूखा बावत के तहत धान की बोवाई कर चुके हैं, वहीं कुछ किसान सूखे खेतों में धान की बोवाई नहीं करना चाहते, जिसके कारण किसान धान की बोवाई को लेकर चिंतित हैं और बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। वहीं आसमान में काले बादल मंडराने से तापमान में गिरावट आई है, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं।

### कुछ स्थानों पर बारिश के बाद कृषि कार्यों में आई तेजी

ग्राम जामगांव बी, जगतरा, झलमला, उमरादहा, नेवारीकला सहित आसपास गांव में दो दिनों पहले अच्छी बारिश होने से कृषि कार्यों में तेजी आयी है, जिसके कारण किसानों के द्वारा खेतों की जोताई और धान बोवाई का कार्य प्रगति पर है। वहीं, दूसरी ओर ग्राम सांकरा, बरही, मटिया बी, नर्रा, बड़भूम सहित अनेक वनांचल क्षेत्र में बारिश नहीं हो पाई है, जिसके कारण खेत जोताई का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है।

# बीएसपी स्कूल क्रमांक 2 दल्लीराजहरा में वेट लेफ्टिंग खेलो इंडिया मिनी सेंटर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज ने किया शुभारंभ

कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 दल्लीराजहरा में नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग खेलो इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पवन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले के लौह नगरी दल्लीराजहरा में वेट लेफ्टिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग द्वारा जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से वेट लेफ्टिंग खेलो इण्डिया मिनी सेंटर का निर्माण किया गया है।

दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 में वेट लेफ्टिंग खेलो इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ होना खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस अवसर पर सांसद श्री नाग ने वेट लेफ्टिंग खेलो इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ कर नगर व जिले के खेल प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अतिथियों ने इस नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग सेंटर का अवलोकन भी किया।





### खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष किया खेल का प्रदर्शन

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से वेट लेफ्टिंग सेट को उठाकर खेल का अभ्यास भी किया गया। इसके अलावा मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों द्वारा अतिथियों के समक्ष खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद नाग ने मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हाल–चाल जाना। इस मौके पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा वेट लेफ्टिंग खिलाड़ी एवं खेल ऐसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 100 से ज्यादा गांवों में लगा निःशुल्क योग शिविर

# पतंजलि योग समिति ग्रामीणों को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

■ लोगों को करवा रहे योग व प्राणायाम का अभ्यास

पतंजलि योग समिति गुण्डरदेही द्वारा हरिद्वार योग पीठ से प्रशिक्षित योग शिक्षक वर्ष 2008 से अनवरत स्वस्थ रहने के लिए योग के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है।

विकासखंड गुण्डरदेही के लगभग 100 ग्रामों में अब तक निःशुल्क योग शिविर लगा चुके हैं, जिसमें भाटागांव, सिकोसा, कमरौद, पैरी, डुंडेरा, भिलाई, सिर्री, तवेरा, खर्रा, कचांदूर, खुटेरी, खपरी, बरबसपुर, परसदा, भोतीपार, किलेपार, खलारी, भरदा, गुरेदा मुंडरा, जोरातराई आदि ग्राम शामिल है, नियमित योग की कक्षा संचालित करते हैं, कोरोना काल से ऑनलाइन प्रशिक्षण भी देते रहे हैं। योग शिक्षक के रूप में केशव राम साहू, रामलाल सिंघाड़े, अरुण कुमार साहू, हेमंत साहू, कुम लाल साहू, दिलीप कुमार एवं महिला योग शिक्षक के रूप में मधुमाला कौशल, अंजू साहू, सरला चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, रानू साहू, वैजयंती साहू, नंदिनी साहू, कुसुमा साहू, शीलू पांडे, प्रज्ञा साहू आदि सेवा दे रहे हैं। भ्रस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोमविलोम, भ्रामरी, उदगिथ, उज्जाई, प्राणायाम से जैव विधि (टॉक्सिन) नष्ट हो जाते हैं, फेफड़ों के वायु कोष्ठों में वायु भरने की क्षमता बढ़ती है, फेफड़ों के कार्य क्षमता सशक्त होने से दमा जैसे रोगों में बचाव होता है।




### शीर्षासन काफी फायदेमंद

शीर्षासन को आसन का राजा कहा गया है, रुधिर संचार उल्टा होने से यह काफी फायदेमंद है, इसका अभ्यास बचपन से करना चाहिए। योग प्राणायाम के लिए प्रातः एवं सायं काल का समय उपयुक्त रहता है, खाली पेट खुले स्थान में योग करने से अधिक लाभ मिलता है, प्रत्येक मनुष्य को प्रातः बिना मुंह धोए पानी पीना चाहिए, जिससे मुंह का बैक्टीरिया पेट में जाकर औषधि का काम करता है, जिसे आयुर्वेद में उषापान कहा गया है।

### बताए जा रहे योग व प्राणायाम के लाभ

शिविर के दौरान लोगों को जहां योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उनके फायदे भी बताए जा रहे हैं। लोगों को जानकारी दी जा रही है कि योग एवं प्राणायाम से ऑक्सीजन अधिक मात्रा में मिलने से रक्त संचार ठीक प्रवाहित होता है, जिससे लकवा जैसे बीमारी नहीं होती, स्वाभाविक रूप से ग्लूकोज की पूर्ति होती है, पेट के आंतरिक अंगों को मालिश का लाभ मिलता है। ब्लड प्रेशर शुगर नियंत्रित रहता है, जठराग्नि प्रदीप होने से पाचन संबंधी समस्या दूर हो जाती है, सूक्ष्म व्यायाम एवं विभिन्न आसन जैसे सर्वांग आसान, हलासन, चक्रासन, सिंहासन, शशक आसान, मंडूकासन, पाद हस्त आसान, धनुषासन मरकट आसान, वृक्षासन, कंधरासन आदि से नसों में तनाव होने से शरीर हल्का हो जाता है नींद अच्छी आती है।

### स्कूल बसों की जांच आज

**बालोद।** परिवहन विभाग के द्वारा बालोद जिले में संचालित सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में उपलब्ध बसों की जाँच एवं चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला परिवहन कार्यालय मैदान में शुक्रवार 21 जून को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी शासकीय एव निजी स्कूलों में उपलब्ध बसों की जाँच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग के द्वारा बस चालक एवं परिचालकों का भी स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के आरसी, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, परमिट आदि समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल प्रबंधकों द्वारा जाँच के लिए बस उपलब्ध नहीं कराए जाने पर उक्त बसों का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

### डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** वार्ड 23 में मालवीय नगर चौक से एवलॉन होटल तक सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों से कहा कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ रोड पर पानी का जमाव न हो इसके लिए स्लोप मेंटेन पर लापरवाही नहीं बरती जाए। महापौर धीरज बाकलीवाल के संग एमआईसी सदस्य संजय कोहले, दीपक साहू, मनदीप सिंह भाटिया व वार्ड पार्षद मीना सिंह, उपअभियंता विकास दमाहे एवं ठेकेदार मौजूद थे। डामरीकरण कार्य 10 लाख की लागत से किया जा रहा है। करीब 200 मीटर लंबी सड़क का डामरीकरण प्रारंभ किया गया है।

### योग दिवस के लिए निमजे संयोजक नियुक्त

**दुर्ग।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा संयोजक आशीष निमजे, सह संयोजक सचेन्द्र राजपूत और दिनेश देशमुख को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक ने दी है।

### गंभीर बीमारी के उपचार के लिए हेल्थ सहायता योजना

**दुर्ग।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के स्वायत संगठन डॉ अम्बेडकर फॉऊण्डेशन द्वारा जनवरी 2024 से विशेष हेल्थ सहायता योजना संचालित जा रही है। जिसमें गंभीर रोगों जैसे लीवर से संबंधित, ब्रेन से संबंधित, कैन्सर, किडनी से संबंधित रोग एवं अन्य ऐसे रोग जिसे सामान्यता अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राही इलाज कर पाने में सक्षम नहीं होते, उन्हें ईलाज हेतु सहायता दी जाती है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित सिंह परिहार से मिली जानकारी अनुसार ऐसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राही जिनकी प्रतिवर्ष की आय सीमा 3 लाख रूपए तक है।

# पिन होल तकनीक से वेसलप्लास्टी कर वृद्धा को दर्द से दिलाया छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

बढ़ती उम्र में हड्डी कमजोर होने की वजह से रीढ़ की हड्डी की असहनीय पीड़ा झेल रही 79 साल की महिला को चिकित्सकों ने राहत दिलाई है। पिन होल तकनीक अपनाकर वेसलप्लास्टी के माध्यम से बोन सीमेंट इंजेक्ट किया गया। पिछले एक महीने से वृद्धा बैठ भी नहीं पा रही थी और दवाइयों के सेवन से भी उसका दर्द ठीक नहीं हो रहा था। रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने पहली बार नॉन हीलिंग वर्टेब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर से पीड़ित वृद्धा की वेसलप्लास्टी की। वृद्धा कई महीने से इस समस्या से पीड़ित थी और इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंची थी।

## बढ़ती उम्र से हड्डियां हो गई थीं कमजोर, रीढ़ की हड्डी में असहनीय पीड़ा

### लकवा का भी खतरा

चिकित्सकों के अनुसार वर्टेब्रल कम्प्रेशन में रीढ़ की हड्डी एक तरह से टूट जाती है या दब जाती है। स्पाइन के कैंसर की बीमारी में भी कंप्रेशन फ्रैक्चर हो जाता है। बढ़ती उम्र में जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तब हल्की सी चोट भी दिक्कत पैदा करती है। यह बीमारी या समस्या ज्यादा दिन तक रहने पर स्पाइनल कॉड को दबा देती है, जिससे कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर देता है और मरीज को लकवा हो जाता है।



### नई तकनीक

डॉ. पात्रा ने बताया कि वेसलप्लास्टी एक नई तकनीक है। इसके पहले वर्टिब्रोप्लास्टी करते थे, जिसमें पैडीकल द्वारा वर्टेब्रल बॉडी में पहुंचकर अंदर बोन सीमेंट डालते थे। इस दौरान स्पाइनल कैनाल में रिसाव की आशंका रहती थी। इसके बाद काइफोप्लास्टी आया, जिसमें बॉडी के अंदर बैलून डालकर जगह बनाते थे और उस जगह में बोन सीमेंट डालते थे, जिसमें भी वही खतरा रहता था। नई तकनीक में इस तरह की समस्या होने की संभावना नहीं होती।

इंटरवेशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि सुई के छेद से की गई पूरी प्रक्रिया के बाद मरीज आधे घंटे के बाद बैठने में समर्थ हो गई और उसे उसी दिन अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अधिक उम्र के मरीजों में कोई भी प्रक्रिया काफी जोखिम भरी रहती है। हमारे पास इस प्रक्रिया के लिए बीच के तीन मिनट बेहद अहम होते हैं, जब पॉलीमेथिल मेथाक्रिलेट यानी बोन सीमेंट को तैयार कर भीतर ही इंजेक्ट करना रहता है, क्योंकि यदि इसमें देर की गई तो बोन सीमेंट बाहर के वातावरण में तुरंत ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है और जिस स्थान पर है, वहीं जम जाता है। इस प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डीकेएस हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष टावरी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. प्रतिभा जैन एवं डॉ. वृतिका सहित अन्य चिकित्सक और स्टाफ ने मिलकर पूरा किया।

## डॉ. रमन ने की सराहना, कहा- यह सच्ची जनसेवा

# मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्बुलेंस वाली दीदी के नाम से जनता के बीच लोकप्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर में उनके द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ किया। जनसेवा के प्रति उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें और पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई दी। पिछले 10 वर्षों से समाज सेविका के रूप में भावना बोहरा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनहित के कार्य कर रही हैं।





*यह सच्ची जनसेवा- डॉ. रमन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भावना बोहरा के जनहित के प्रयासों एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, यह सच्ची जनसेवा है। उन्होंने कहा, अपने नाम के अनुरूप जन भावना के साथ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों के साथ ही पार्टी की एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में भी वो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं। जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहना और उनकी सुविधाओं के साथ-साथ अपने क्षेत्र का विकास करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है और वे अपने कर्तव्यों को बखूबी निभा रही हैं।*

इन 5 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत के साथ ही उनके द्वारा अब तक 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब और महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज से घर आने-जाने के लिए 3 निः शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने का जो उद्देश और मार्ग उन्होंने चुना है, वह भाजपा की नीति और संस्कार को प्रदर्शित करता है। आपातकालीन सेवा के लिए उन्होंने जनता की सुविधा के लिए जो संकल्प किया है, उसे पूरा करने के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश की जनता की सेवा, सुविधा और प्रदेश में सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। शुभारंभ के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कबीरधाम जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, पंडरिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजनीति मेरे लिए जन सेवा का माध्यमः भावना

विधायक भावना बोहरा ने कहा, यह क्षण मेरे लिए बहुत ही भावुक और गौरवान्वित करने वाला है कि जो संकल्प हमने किया था, आज वह प्रत्यक्ष रूप से साकार हुआ। इस निःशुल्क एम्बुलेंस के माध्यम से आप सभी पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को आपातकाल में त्वरित समाधान मिल सके। साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति में वे तत्काल अस्पताल पहुंच सकें, इसके साथ ही गर्भवती माताओं-बहनों को गर्भावस्था के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके, यही हमारा उद्देश्य है। मैंने हमेशा ही कहा है कि राजनीति मेरे लिए जनसेवा का एक माध्यम है। लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से मैंने जनता के बीच रहकर उनकी जो तकलीफों को देखा, समस्याओं को जाना एवं उनकी आकांक्षाओं को जाना है।

# टेंडर में गड़बड़ी, निर्माण में लापरवाही पांच अफसर-कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- डिप्टी सीएम साव के अनुमोदन पर कार्रवाई

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है। घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान कराने के लिए लेखापाल जयानंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन सभी अधिकारियों का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### जमीन का सत्यापन नहीं, सड़क बना दी

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/ /प्र.तह./20
गुरूर, दिनांक 10/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी नगझर प.ह.नं. .... एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम आ. कलाराम जाति महार निवासी नगझर तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नानी नरहरबती पति सावंतराम की मृत्यु दिनांक 16/06/1994 को ग्राम नगझर में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावें।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 28/06/2024 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरूर



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष...

करें योग... रहे निरोग...

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

सफलता तीन चीज़ो से मापी जाती हैं
धन, प्रसिद्धी और मन की शांति
धन और प्रसिद्धी पाना आसान हैं
"मन की शांति" केवल योग से मिलती हैं



**श्रीमती चन्द्रप्रभा सुधाकर**
जिलाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी बालोद



**रतीराम कोसमा**
महामंत्री
कांग्रेस कमेटी बालोद



**भोज साहू (शुभम)**
पर्यावरण प्रेमी



**विकास चोपड़ा**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बालोद



**अमित चोपड़ा**
भाजा जिला मंत्री
बालोद



**अकबर तिगाला**
जिला अध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बालोद



**रौनक कत्याल**
भाजपा शहर अध्यक्ष
बालोद



**श्रीमती दीपा साहू**
जिलाध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा बालोद



**श्रीमती रजनी वैष्णव**
महिला प्रकोष्ठ प्रांतीय सचिव छ.ग.
लिपिक वर्ग सह. कर्मचारी संघ बालोद



**श्रीमती दीप्ति विनोद शर्मा**
पार्षद
नगर पालिका बालोद



**प्रशांत बोकड़े**
जिला अध्यक्ष
युवा कांग्रेस बालोद



**आदित्य दुबे**
प्रशासनीक महामंत्री युवा
कांग्रेस बालोद



**अरूण साहू**
सरपंच
ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर



**मोरध्वज साहू**
प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा
बालोद



**धीरज उपाध्याय**
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी बालोद



**छगन देशमुख**
संरक्षक जिला गन्ना उत्पादन
किसान संघ जिला बालोद



**दिलीप कुमार साहू**
जिलाध्यक्ष
छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन



**नरोत्तम कुमार यदु**
व्याख्याता स्वामी आत्मानंद
स्कूल घोठिया



**विरेन्द्र सिंह**
ग्रीन कमांडो
जिला बालोद



**सतीश यादव**
पार्षद
वार्ड क्रमांक 05 बालोद

खबर संक्षेप

## सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हैं पीएम मोदी : डॉ मोना



**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही सबसे पहले 3 करोड़ आवास एवं किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किश्त की राशि जारी की। इसका लाभ करीब 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसानों को मिला है। उक्त बातें महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने बालोद जिले के सभी किसानों को इसकी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री किसान हितैषी हैं, वे सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हैं, जिससे हमारा देश एक विकसित भारत के ओर अग्रसर हो। साथ ही साथ महिलाओं को महतारी वंदन की चौथी किश्त मिलने की बधाई भी दी है। डॉ टुवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जो कहा, वो कर दिखाया और महिलाओं बहनों को सम्मान दिया और उन्हें सशक्त बनाने की ओर अग्रसर हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** हेल्पर को बाइक से घर छोड़ने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम बघेरा दुर्ग निवासी सालिकराम साहू ने शिकायत किया है कि अमित कुमार साहू 18 जून को अपने हेल्पर आनंद निषाद को ग्राम कोलिहापुरी अपनी बाइकर 08 एफ 6837 में छोडने गया था। घर वापस आते समय वृद्धा आश्रम के सामने पीछे से आ रही बाइक सीजी 07 एसी 3651 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते वाहन चलाते हुए। ठोकर मार दिया हादसे में अमित को सिर पर गंभीर चोटे आई।

## मैनेजर के मकान से 12 लाख की चोरी

**भिलाई।** एनएसपीसीएल कंपनी मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामन पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एनएसपीसीएल कालोनी निवासी सरफाराज आलम एनएसपीसीएल में मैनेजर के पद पर पदस्थ है। 15 जून को मैनेजर अपने परिवार के साथ आसनसोल पश्चिम बंगाल गया था। 17 जून की सुबह पीड़ित के सहयोगियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी कि मकान का दरवाजा खुला पड़ा है।

निधन

## बृजबाई मानिकपुरी



**बालोद।** ग्राम फरदफोड़ निवासी बृजबाई मानिकपुरी का निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 21 जून को गृह ग्राम फरदफोड़ में किया जाएगा। वे बालोद कॉलेज में पदस्थ वरिष्ठ प्राध्यापक चंद्रउदय दास मानिकपुरी, रवि चरण, दर्शन दास व त्रिभुवनदास की माता थीं।

कलेक्टर चंद्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए बाजार प्रारंभ करने के निर्देश

# फिर पुराने बाजार में लगेगी सब्जी मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लौह नगरी दल्लीराजहरा का भ्रमण कर शहर की व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैण्ड में निर्माणाधीन शौचालय एवं वाटर एटीएम आदि का निरीक्षण किया।

- कोरोना काल के दौरान चिखलाकसा में स्थानांतरित की गई थी सब्जी मंडी

उन्होंने मौके पर उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू को बस स्टैण्ड में निर्माणाधीन शौचालय को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्माणाधीन शौचालय के एक सीट को महिलाओं के लिए तत्काल प्रारंभ कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने बस स्टैण्ड में स्ट्रीट लाईट की रोशनी समुचित रूप से पहुँच सके इसके लिए बस स्टैण्ड के घने पेड़ों की छंटाई भी कराने के निर्देश दिए।

चन्द्रवाल ने वार्ड क्रमांक 10 पुराना बाजार वीर नारायण सिंह चौक का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डवासियों की माँग पर पुराना बाजार में शौचालय का निर्माण कराने तथा वीर नारायण सिंह चौक से शहीद अस्पताल मार्ग के डामरीकरण के अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी बीएसपी के अधिकारियों को दिए।

### पुराना बाजार क्षेत्र में किया जाएगा शौचालय का निर्माण



इस दौरान चन्द्रवाल ने पुराना बाजार स्थित पुरानी सब्जी मण्डी का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को कोरोना काल के दौरान चिखलाकसा में स्थानांतरित किए गए सब्जी मण्डी को पुनः पुराना बाजार में प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात चन्द्रवाल राजहरा क्रिकेट मैदान में पहुँचकर मैदान की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मैदान के व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने हेतु मौके पर उपस्थित क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से सुझाव भी लिया।

### वार्ड समिति के लोगों ने रखी विभिन्न मांगें

इस दौरान वार्ड समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं वार्डवासियों के द्वारा पुराना बाजार से कोण्डे पावर हाउस सड़क के निर्माण एवं संधारण, थोक सब्जी मार्केट को करोड़ों रुपए से निर्मित जर्जर हो रहे कॉम्पलेक्स में व्यवस्थापन, पुराना बाजार बस स्टैंड चौक में सुलभ शौचालय के निर्माण, झरन मंदिर कुंड की सफाई, वार्ड क्रमांक 13 को जाने वाले मार्ग पर रेलवे पुल के निर्माण, जर्जर हो रहे पुस्तकालय को मंगल भवन में तब्दील करने, मुख्य मार्ग पर पिछले सात माह से पड़े मलबे को हटाने सहित नालियों की सफाई और बीएसपी प्रबंधन से दो जगहों पर फिल्टर पानी के प्वाइंट देने का आग्रह कलेक्टर चन्द्रवाल से किया गया।

# गन्ना उत्पादक किसानों ने विधायक कुंवर सिंह से की भेंट, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों ने गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद से मुलाकात कर गन्ना का मूल्य एमएसपी के अलावा 200 रुपए बोनस प्रति क्विंटल की दर से देने की मांग को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया। इस संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ संरक्षक छगन देशमुख, अध्यक्ष डॉ तेज राम साहू, सचिव सांवत राम साहू, महामंत्री डोलेश्वर साहू, किरपा राम साहू, बालोद जिला पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चंद्राकर एवं गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष बलदेव राम साहू सहित क्षेत्र के गन्ना कृषक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# सांसद बनने के बाद पहली बार डोंडी पहुंचे भोजराज, हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कांकेर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग पहली बार डोंडी मंडल पहुंचे। इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। इसके अलावा डोंडी क्षेत्र के मतदाताओं के साथ सभी मोर्चा के कार्यकर्ता और व्यापारी संघ, कर्मचारी संघ ने भी सांसद श्री नाग का स्वागत किया।

उसके बाद सांस्कृतिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, महामंत्री राकेश यादव, यूवराज लाल निर्वेद्र टेकाम, देवलाल ठाकुर,दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, छगन यदु, राधिका भारद्वाज मंचस्थ थे। सभा को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने क्षेत्रवासियों, मतदाताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य में बनी है अब हमारी पार्टी सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य को लेकर सबका विकास आगामी पांच वर्षों में करेगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर क्षेत्र के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने पहली बार एक पुजारी बैगा को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया और कार्यकर्ताओं के परिश्रम तथा जनता के आशीर्वाद से लोकसभा सांसद बनकर देश की सेवा करने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हक के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे। अपने प्रथम नगर आगमन के दौरान सांसद श्री नाग ने नगर के शीतला मंदिर, जमींदारीन मंदिर, राम मंदिर, गोंडवाना भवन पहुंच कर आशीर्वाद लिया। बाजार चौक में व्यापारी संघ के सदस्यों ने स्वागत किया।कार्यक्रम में भिखी मासिया, अजय चौहान, संजीव मानकर, तौसीन, हिंसा राम साहू, बसंत जैन, गोपाल साहू, निखिल शर्मा, नीलेश जायसवाल, राजेंद्र नाहर, मातरम दास कोसरे, पवन साहू, रूपेश नायक, पूनम कोठरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्टेट टूर्नामेंट के लिए रवाना हुए खिलाड़ी...



**बालोद।** सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट के लिए बालोद जिला हाकी संघ की टीम राजनांदगांव के लिए रवाना हुई। जिला हाकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू ने हरी झण्डी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया।

## हॉकी के खिलाड़ियों को दिया गया टी शर्ट

**बालोद।** जिले के हॉकी संघ के खिलाड़ियों को टी शर्ट दिया गया और बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कलेक्टर चंद्रवाल, एसपी व जिला पंचायत सीईओ सहित हॉकी संघ कोच व खिलाड़ी उपस्थित थे।



# बारिश पूर्व कराएं सड़कों की मरम्मत



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश सोनी के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता सड़क कार्य एम प्रसाद को बारिश से पहले शहर के मुख्यमार्ग एवं तांदुला पुल के ऊपर हुए गड्ढे को मरम्मत कराने ज्ञापन सौंपा गया।

- पार्षद एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन के संदर्भ में कमलेश सोनी ने बताया कि बारिश का मौसम प्रारंभ होने वाला है, वहीं शहर के सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण वाहन चालकों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात्रि में गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दो पहिया वाहन चालक कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। बालोद से राजनांदगांव मुख्यमार्ग के इंदिरा चौक से ग्राम जूंगेरा तक सड़क पर जगह-जगह डामर उखड़ने एवं गहरे गड्ढे होने से इस मार्ग में भी वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। पाररास से जूंगेरा तक डामरीकरण की आवश्यकता है, ताकि सड़कों के गड्ढों की भरपाई हो सके। वहीं, तांदुला पुल पर भी गड्ढे होने एवं पुल के ढलाई का सरिया बाहर आ जाने से भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन मोनू, शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, भाजयुमो कार्यकर्ता पिंटू सारथी, तुलेश साहू, चेतन निर्मलकर उपस्थित थे।

# खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले में दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, भाजपा जिला अध्यक्ष बालोद व पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन, प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कृष्णकांत पवार, देवलाल ठाकुर, राकेश यादव, चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव, दिलीप शर्मा ने किसानों की आय दुगनी करने के लिए संकल्पित हुए।

उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किसानों के फसल के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा से फसलों के दाम में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की गई है, जो स्वागतेय है। दलहन तिलहन के दामों में तो 983 रुपये प्रति क्विंटल तक कि बढ़ोतरी की गई है, इससे किसान कैश क्रॉप की ओर आकर्षित होंगे। ज्वार, बाजरा, रागी के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को देखें तो अब इनके समर्थन मूल्य वर्ष 2014 की तुलना में 100 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, धान के दाम भी 117 रुपए बढ़ाए गए हैं। अब धान के समर्थन मूल्य वर्ष 2014 की तुलना में 72 प्रतिशत बढ़ गए है, जो किसी भी काल मे बढ़ोतरी के तुलना में उच्चतम हैं।

**किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही एनडीए सरकार:** भाजपा नेताओं ने कहा इन सब बातों से स्पष्ट है श्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार किसानों के हित मे निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किए जाने पर नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, ठाकुर रामचंद्राकार, संध्या भारद्वाज, अनीता कुमेटि, मोहन जैन, नरेश साहू, शरद ठाकुर, जयेश ठाकुर, अमित चोपडा, किर्तिका साहू, अंबिका यादव, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत साहू, प्रणेश जैन, सहित अन्य भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया।

## राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में शेष रह गए प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि नवीनीकरण के लिए शेष रह गए राशन कार्डधारी अपने निकट के शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं पंचायत में संपर्क कर 30 जून तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों को नवीनीकरण के लिए शेष रह गए हितग्राहियों की सूची प्रदान की गई है। इसके साथ ही ऐसे राशन कार्डधारी जिन्होंने अपना आधार ई–केवाईसी नहीं कराए हैं, वे जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकान में ई–केवाईसी कराने के बाद नवीनीकरण के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में जिले में स्थापित 476 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में कुल 02 लाख 21 हजार 512 राशनकार्ड प्रचलित है। जिसके अंतर्गत प्रचलित 02 लाख 21 हजार 512 राशन कार्डधारियों में से 02 लाख 21 हजार 695 हितग्राहियों के द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिसमें प्रचलित राशनकार्ड धारियों में ग्रामीण क्षेत्रें से 7,727 एवं नगरीय क्षेत्रों में 2,090 सहित कुल 9,817 राशनकार्ड हितग्राहियों ने नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं।

ग्राम जगतरा में स्वच्छता सप्ताह के तहत किया गया आयोजन

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा में आयोजित स्वच्छता सप्ताह के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष प्रेमलता साहू ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारी–कर्मचारियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को स्वच्छता सप्ताह के उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामीणों को सार्वजनिक स्थलों को साफ–सुथरा रखने तथा कम से कम ऋृसगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने को कहा। जिससे कि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को बीमारी से मुक्त रहने हेतु गांव को गंदगी से मुक्त रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सब स्वच्छता से ही संभव है। इसके अलावा गांव को साफ–सफाई रखने हेतु सामुदायिक सहभागिता की भी नितांत आवश्यकता है। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि अस्वच्छता के कारण कई जलजनित बीमारियाँ फैलती है।

उन्होंने कहा कि पेयजल स्त्रेत के समीप सोकपीट बनाने से जल स्तर में वृद्धि होती है। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत नाडेप एवं मैजिकपीट बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को घरों के कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकने तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे के जमा होने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ सकता है एवं इससे पौधे एवं जानवरों को नुकसान भी होता है।

### 18 से 24 जून तक स्वच्छता सप्ताह

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गति लाने एवं जन–जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करने बालोद जिले में 18 से 24 जून तक निरंतर स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान जिले के सभी ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से मुख्य मार्ग के कचरे के अलावा चौक–चौराहे, धार्मिक स्थल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, भवन एवं जल स्त्रोत तालाब, पेयजल स्त्रोत, हैण्डपंप के आस–पास आदि की समुचित साफ–सफाई की जा रही है। ग्राम जगतरा में आज आयोजित स्वच्छता के अवसर पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे के अलावा सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं जिला समन्वयक, जिला सलाहकार तथा विकासखण्ड समन्वयक तथा ग्राम पंचायत जगतरा के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

